an>

Title: Regarding protecting the river embankments in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर): उपाध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न भागों में जैसे बलिया, सिताब दियारा और बिहार में बक्सर और अन्य क्षेत्रों में गंगा के उफान से भीषण कटाव जारी है। सिताब दियारा जो लोक नायक जय प्रकाश नारायण जी की जन्म स्थली है, जिसे भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित किया है वह भी पूरी तरह से कटाव बिन्दु पर खड़ी है। भीषण कटाव के कारण हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर में अर्जुनपुर, मानपुर, मदरिया, केशवपुर, नैनीजोर और जबहीं आदि दर्जनों जगहों पर तेजी से हो रहे गंगा कटाव के कारण हजारों एकड़ जमीन हर वर्ष गंगा में समा रही है। यहां तक की बक्सर शहर का प्राचीन किला कई वर्षों से कटाव के कारण ध्वस्त होने के कगार पर है। राज्य सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। पिछली बार बोल्डर पिचिंग हुआ उसमें लूट हुई, इसकी सघन जांच होनी चाहिए। इसी प्रकार कोशी, सरयू, घाघरा और अधवारा समूह आदि की नदियों से उत्तर बिहार के कई हिस्सों में भीÂषण कटाव एवं बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। केन्द्र सरकार राज्य सरकार को निर्देशित करे कि वर्षांत के बाद एक सघन योजना बनाते हुए सर्वेक्षण कराकर कारगर कदम उठाने का प्रयास करे।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Sharad Tripathi, Shri Bhairon Prasad Mishra, are allowed to be associated with the issue raised by Shri Ashwini Kumar Choubey.